### कर्सिव राइटिंग में लिखा हुआ सुसाइड नोट बरामद

# प्राइवेट स्कूल के हॉस्टल में आठवीं के छात्र ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

सच प्रतिनिधि ।। भोपाल।।

राजधानी से सटे हुए परवलिया इलाके के सेंट जोसफ इंटरनेशनल स्कूल के हॉस्टल में आठवीं कक्षा के छात्र ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। रूममेट्स ने उसे मंगलवार की रात फन्दे पर लटका देखा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया। मौके से अंग्रेजी की कर्सिव राइटिंग में लिखा हुआ सुसाइड नोट मिला है जिसको वेरीफाई किया जा रहा है। हालांकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में छात्र की मौत की वजह का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल आत्महत्या और अन्य पहलुओं पर जांच की जा रही है।

परवलिया थाना प्रभारी रोहित नागर ने बताया कि 14 साल का बालक वंश कुशवाहा ऐशबाग इलाके का रहने वाला था। वह परवलिया के ग्रामीण क्षेत्र में स्थित सेंट जोसफ इंटरनेशनल स्कूल आवासीय स्कूल के छात्रावास में रहकर कक्षा आठवीं की पढ़ाई कर रहा था। उसके पिता केजी वन व केजी टू का स्कूल चलाते हैं। मंगलवार की रात छात्रावास के सभी बच्चे रोजाना की तरह खाना खाने के लिए मैस में गए थे। बालक के साथ कमरे में रहने वाले सहपाठियों ने साथ में चलने को कहा तो बालक ने कहा कि तुम लोग चलो मैं थोड़ी देर में आता हूं। इसके बाद सहपाठी खाना खाने चले गए। जब वे वापस लौटे तो उन्हें वंश फांसी के फन्दे पर लटका मिला। बच्चों ने तुरंत ही छात्रावास के स्टॉफ को सूचना दी। चूंकि मामला आत्महत्या का था इसलिए स्टॉफ ने तुरंत ही पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा पंचनामा बनाकर कार्रवाई शुरू की। थाना प्रभारी का कहना है कि परिजन भी मौके पर पहुंच गए थे उन्होंने स्कूल पर किसी तरह का कोई आरोप नहीं लगाया है। पलिस ने मौके से एक सुसाइड नोट बरामद किया है जो कि अंग्रेंजी के कर्सिव राइटिंग में है। उसको वेरीफाई किया जा रहा है। प्राथमिक तौर पर पता चला है कि बालक की आहार नली में गड़बड़ी थी जिसके कारण उसे भोजन करने में दिक्कत होती थी। खाना खाने के बाद उसे बहुत सारा पानी पीना पड़ता था।

## सीसीटीवी कैमरे के फुटेज जब्त

थाना प्रभारी रोहित नागर ने बताया कि छात्रावास में जगह-जगह पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। घटनास्थल के आसपास के कैमरों के फुटेज को देखने के बाद उन्हें जब्त किया गया है। फुटेज में बालक सामान्य तौर पर आते-जाते दिखाई दे रहा। उसके साथ डांट फटकार अथवा मारपीट जैसी कोई बात सामने नहीं आई है। इधर बालक के पिता ने पुलिस को बताया कि दो दिन पहले ही उनकी अपने बेटे से बात हुई थी उसने किसी भी तरह की परेशान का जिक्र नहीं किया था। फिलहाल पिता ने स्कूल में किसी तरह की प्रताड़ना देने की बात नहीं बताई है। आगे की जांच में पुलिस ने बालक की मां के बयान भी लेगी। बुधवार को छात्रावास के स्टॉफ के बयान भी लिए जाएंगे।

## ऐशबाग में युवक ने लगाई फांसी

ऐशबाग इलाके में एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने बताया कि 32 वर्षीय रवि जादौन मूलत: विदिशा जिले का रहने वाला था। यहां पर वह हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में किराए के मकान में रहता था तथा कबाड़खाना स्थित एक दुकान में बतौर सेल्समेन काम करता था। मंगलवार को दोपहर उसका छोटा भाई जब कमरे पर पहुंचा तो दरवाजा अंदर से बंद था। पुलिस को सूचना देने के बाद जब वह अंदर पहुंचा तो वहां पर रवि फांसी के फन्दे पर लटका हुआ था। पुलिस को मौके से सुसाइड नोट नहीं मिला है जिसके कारण आत्महत्या की वजह सामने नहीं आ सकी है।

### साइबर क्राइम ने जारी की चेतावनी, होगी सख्त कार्रवाई

# बोर्ड परीक्षाओं के समय साइबर फ्रॉड गैंग सक्रिय

सच प्रतिनिधि ।। भोपाल

मध्य प्रदेश में होने वाली बोर्ड परीक्षाओं से पहले साइबर फ्रॉड गैंग एक्टिव हो गए हैं। टेलीग्राम पर इस बार फिर बच्चों के साथ ठगी का सिलसिला शुरू हो गया है। टेलीग्राम में कई ग्रुप पर दावा किया जा रहा है कि बोर्ड परीक्षा से पहले सुबह उन्हें ओरिजिनल पेपर दे दिया जाएगा, वहीं कई अन्य ग्रुप पर फीस देकर 80 प्रतिशत सवाल सही मिलने का दावा किया जा रहा है। इसे लेकर साइबर क्राइम ब्रांच ने एक एडवाइजरी जारी की है। छात्रों और नागरिकों को टेलीग्राम समूहों पर बिकने वाले फर्जी पेपरों से बचने की चेतावनी दी गई है। क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी शैलेंद्र सिंह चौहान ने वीडियो जारी कर कहा है कि परीक्षा के समय साइबर फ्रॉड गैंग सक्रिय हो जाता है। टेलीग्राम ग्रुप्स के माध्यम से नकली प्रश्न पत्र बेचकर बड़ी रकम की ठगी करते हैं। इन ग्रुप्स में हजारों लोग जुड़े होते हैं, जिनमें कई छात्र भी शामिल होते हैं। ऐसे लोगों से छात्रों को बचाना चाहिए।

## छात्रों का कॅरियर लग सकता है दांव पर

साइबर क्राइम अधिकारियों का कहना है कि टेलीग्राम ग्रुप्स में जुड़कर पेपर खरीदना न केवल परीक्षा में फेल होने का खतरा बढ़ा सकता है, बल्कि छात्रों का करियर भी दांव पर लग सकता है। धोखाधड़ी करने वाले अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। भोपाल साइबर क्राइम के पास कई शिकायतें दर्ज की गई हैं, जिनमें टेलीग्राम ग्रुप्स के जरिए फर्जी पेपर बेचने की जानकारी सामने आई है। पिछले साल भी इस तरह की शिकायतों के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। अब टेलीग्राम से संबंधित ग्रुप्स की जानकारी मांगी जा रही है, ताकि उन पर सख्त कार्रवाई की जा सके। साइबर टीम ने टेलीग्राम पर पांच एक्टिव ग्रुप्स के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की है।

साइबर क्राइम अधिकारियों ने छात्रों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें और किसी भी फर्जी टेलीग्राम ग्रुप से न जुड़ें। ऐसा करने से न केवल वे धोखाधड़ी का शिकार हो सकते हैं, बल्कि उनके भविष्य पर भी खतरा मंडरा सकता है। यदि कोई व्यक्ति इस तरह की धोखाधड़ी का शिकार होता है या ऐसे ग्रुप्स की जानकारी रखता है, तो उसे तुरंत साइबर क्राइम विभाग में शिकायत दर्ज करानी चाहिए।



# एनएसयूआई ने प्रदेश में शुरू किया सदस्यता अभियान

सच प्रतिनिधि ।। भोपाल ।

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने मध्यप्रदेश में बड़े स्तर पर सदस्यता अभियान की शुरुआत की है। यह अभियान एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार , राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी , राष्ट्रीय सचिव व मप्र प्रभारी महावीर गुर्जर , राष्ट्रीय सचिव व मप्र प्रभारी रितु बराला एवं प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर पूरे प्रदेश में संचालित किया जा रहा है।

इस सदस्यता अभियान के तहत, एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार के नेतृत्व में सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने एनएसयूआई की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एनएसयूआई हमेशा से छात्र हितों की आवाज बुलंद करता आया है और आगे भी छात्रों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्षरत रहेगा। रवि परमार ने कहा कि प्रदेशभर के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में यह सदस्यता अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है, जहां बड़ी संख्या में युवा छात्र संगठन से जुड़कर अपने अधिकारों की लड़ाई में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। एनएसयूआई का यह अभियान छात्रों के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करेगा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास करेगा।

# शहर में धूमधाम से मनी छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती



सच प्रतिनिधि ।। भोपाल।

श्री छत्रपति शिवाजी महाराज सेवा कल्याण समिति के नेतृत्व में आज शिवाजी जयंती के उपलक्ष्य में विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया, जिसमें शिवाजी महाराज की नवनिर्मित भव्य प्रतिमाए, भगवा ध्वज के साथ सैकड़ों की संख्या में मातृ शक्ति भगवा साफे के साथ सम्मिलित हुए। रैली वीर सावरकर चौराहा धर्मकांटे से प्रारम्भ होकर इब्राहिमगंज, बस स्टैंड, घोड़ानिक्कास, जुमेराती, सराफा चौक से होकर भवानी चोक सोमवारा पर समाप्त हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भोपाल के सांसद आलोक शर्मा उपस्थित रहें। आयोजन समिति के अध्यक्ष दिनेश भोसले ने बताया कि कार्यक्रम में विशेषअतिथि के रूप से भोपाल महापौर मालती राय, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, भाजपा नेता पंकज चौकसे, मनोज राठौर, कृष्णा घाघरे ,शैलेष साहू, राजू कुशवाह , देवेंद्र भार्गव, पप्पू विलास, अवनी शर्मा , महेश मकवाना , हरिओम आसेरी, राकेश कुकरेजा, वरुण गुप्ता, सूरज भदौरिया, अजय पावर, अजय राहुल, मुकेश मेर, प्रवीण गुप्ता, श्रीमती विभा गरुण, दुर्गेश भोसले एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें। समिति अध्यक्ष बताया कि ने इस रैली में बड़ी संख्या में शहरवासी शामिल हुए। इसी के साथ शहर में अनेक स्थानों पर जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

## साकेत नगर में शिवाजी महाराज की मूर्ति का अनावरण



**भोपाल।** नगर निगम वार्ड क्रमांक 54 के साकेत नगर में छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति का अनावरण एवं लोकार्पण आज राज्यमंत्री कृष्णा श्रीमती कृष्णा गौर और एमआईसी सदस्य और क्षेत्रीय पार्षद जितेन्द्र शुक्ला के करकमलों से किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय रहवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# सिविल सेवा परीक्षा के आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी आगे

सच प्रतिनिधि ।। भोपाल

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सर्विसेज की प्रारंभिक परीक्षा के लिए आवेदन की तारीख एक बार फिर आगे बढ़ा दी गई है। अब कैंडिडेट्स के पास अप्लाई करने के लिए दो और दिन हैं। जो अभ्यर्थी 18 फरवरी तक फॉर्म नहीं भर पाए थे उनके लिए ये एक और मौका है। कैंडिडेट्स यूपीएससी की ऑफिशियल वेबसाइट द्धह्लह्लश्चह्य://ह्वश्चह्यष्.द्दश1.द्बठ्ठ/ पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। इस साल की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख 21 फरवरी तक बढ़ा दी गई है। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारियों के चयन के लिए यूपीएससी हर साल तीन चरणों में परीक्षा आयोजित की जाती है। परीक्षा के पहले चरण यानी प्रीलिम्स के लिए आवेदन की समय सीमा दूसरी बार बढ़ाई गई है।

**आवेदन की अंतिम तिथि 21 फरवरी** - सिविल सेवा (प्रारंभिक)-2025 और भारतीय वन सेवा (प्रारंभिक)-2025 परीक्षा के लिए आवेदन की आखिरी तारीख 21 फरवरी 2025 तक बढ़ा दी गई है। कैंडिडेट्स 21 फरवरी की शाम 6 बजे तक ही आवेदन कर सकते हैं। वहीं नोटिस के मुताबिक 22 फरवरी 2025 से 28 फरवरी 2025 तक करेक्शन विंडो खुली रहेगी।

**दूसरी बार बढ़ाई गई आवेदन की आखिरी तारीख**- सिविल सेवा परीक्षा की नोटिफिकेशन जनवरी में जारी की गई थी। इसमें आवेदन की आखिरी तारीख 11 फरवरी तय की गई थी। इसके बाद फरवरी की शुरुआत में आवेदन की अंतिम तिथि 18 फरवरी कर दी गई थी। सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 25 मई को होगी।

## डॉक्टर्स का चरणबद्ध आंदोलन कल से काली पट्टी लगाकर करेंगे काम

**भोपाल।** मध्यप्रदेश शासकीय-स्वशासी चिकित्सक महासंघ के आव्हान पर राजधानी सहित प्रदेश भर में चिकित्सकों के विभिन्न संगठन आंदोलन करेंगे। आंदोलन कल से शुरू होगा। पहले चरण में 20 और 21 फरवरी को डॉक्टर काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। 22 फरवरी को आधे घंटे कार्यस्थल के बाहर टोकन विरोध प्रदर्शन होगा। इस दौरान चिन्हित अस्पतालों पर अमानक दवाइयों की सांकेतिक होली जलाई जाएगी। 24 फरवरी को प्रदेशव्यापी सामूहिक उपवास के साथ एक घंटे का विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। 25 फरवरी से प्रदेशव्यापी प्रशासनिक असहयोग आंदोलन शुरू होगा।

चिकित्सकों ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगे उच्च स्तरीय समिति का गठन कर मूलभूत विषयों का समयबद्ध निराकरण किए जाने, चिकित्सा महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को 7वें वेतनमान का तत्काल फायदा दिए जाने, समयमान वेतन और डीएसीपी का 1.5 साल पहले जारी आदेश का क्रियान्वयन करने, प्रशासनिक पदों पर वरिष्ठता के आधार पर तकनीकी विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति किए जाने, डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर गठित नेशनल टास्क फोर्स की सिफारिशों का क्रियान्वयन करने की हैं, जिनका आज तक निराकरण नहीं किया गया है, जिसके चलते चिकित्सकों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

## महापौर ने किया सफाई अभियान का शुभारंभ




**भोपाल। बिसन खेड़ी वन ट्री हिल्स पर वीएनएस कॉलेज एवं नगर निगम द्वारा ग्लोबल इन्वेस्टर मीट के लिए भोज ताल सफाई अभियान का महापौर मालती राय ने शुभारंभ किया। इस मौके पर पर कॉलेज स्टाफ एवं स्टूडेंट उपस्थित रहे।**

### बदलेगा मौसम का मिजाज

# फिर एक्टिव हुआ वेस्टर्न डिस्टरबेंस, पूर्वी क्षेत्र में 21 को बारिश के आसार

सच प्रतिनिधि ।। भोपाल

मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। राजधानी भोपाल में 32.2 डिग्री तो प्रदेश के ज्यादातर जिलों में 30 डिग्री से ज्यादा तापमान दर्ज किया जा रहा है। वहीं एक बार फिर से वेस्टर्न डिस्टरबेंस और साइक्लोनिक सर्कुलेशन एक्टिव हो गया है। जिससे कुछ क्षेत्रों में मौसम का मिजाज फिर बदल गया है। मौसम विभाग के मुताबिक आज को मौसम साफ रहेगा, लेकिन 21 फरवरी को पूर्वी हिस्से में यानी, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, सिवनी, मंडला और बालाघाट में हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों का कहना है कि फरवरी में कई वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होते हैं। अबकी बार भी ऐसा ही है। इस वजह से पारे में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी।

## 22-23 फरवरी से ठंड का तीसरा दौर आने की संभावना

तापमान धीरे धीरे बढ़ने लगा है। शहर का तापमान 32 डिग्री के पार पहुंच गया है। अगले दो दिन तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा। बताया जा रहा है कि 22-23 फरवरी से ठंड का तीसरा दौर आने की संभावना है।

## स्कूलों की टाइमिंग में हुआ बदलाव

ठंड के प्रभाव के कम होते ही भोपाल समेत कई शहरों में स्कूलों की टाइमिंग बदल दी गई है। स्कूल सुबह 9 बजे की बजाय 7.30 बजे से शुरू हो रहे हैं और दिन में जल्दी छुट्टी दी जा रही है। अगले कुछ दिनों में इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन जैसे कई शहरों के स्कूलों की टाइमिंग में भी बदलाव किया जा सकता है।

# तेज रफ्तार ई-रिक्शा पलटा, महिला की मौत

सच प्रतिनिधि ।। भोपाल।।

ईंटखेड़ी इलाके में तेज रफ्तार ई-रिक्शा पटलने से उसमें सवार एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। जबकि रिक्शा में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

ईंटखेड़ी पुलिस ने बताया कि शिराज बी पति अजहर अली (70) ईंटखेड़ी में रहती थीं। कल दोपहर करीब साढ़े बारह बजे वह ई-रिक्शा में सवार होकर जगदीशपुर जा रही थी। उनके अलावा रिक्शा में अन्य लोग भी सवार थे। तभी अचानक चलते हुए ई-रिक्शा पलट गया। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां बुजुर्ग महिला ने दम तोड़ दिया, जबकि चार लोग अभी अस्पताल में भर्ती हैं। महिला की खबर पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने मृतका का शव बरामद कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही पुलिस ने अब ई-रिक्शा चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की तैयारी कर रही है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। इधर जहांगीराबाद स्थित रंभा टाकीज के पास स्कूटर सवार दंपति को दूसरी स्कूटर सवार दो लड़कों ने टक्कर मार दी, जिससे दंपति को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने अज्ञात स्कूटर सवार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी स्कूटर सवारों की पहचान के लिए इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार राकेश कुमार नामदेव (62) सरस्वती विहार कालोनी ग्राम महोली थाना अयोध्या नगर में रहते हैं और टेलर का काम करते हैं। वह अपनी पत्नी के साथ जहांगीराबाद स्थित डीमार्ट के पास बैंक आए थे। वापस लौटते समय चिकलोद रोड स्थित रंभा टाकीज के पास पीछे से आ रहे स्कूटर सवार दो लड़कों ने उनकी स्कूटर में टक्कर मार दी, जिससे दंपति स्कूटर समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गए। राकेश कुमार को गंभीर चोट लगने के कारण निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।